राजस्थान सरकार
पर्यटक स्वागत केन्द्र, होटल ढोला मारू परिसर, बीकानेर

क्रमांकः प.स्वा.के./बीका/ऊँट उत्सव/2017/777 **दिनांक 29/12/2016**

निविदा सूचना

पर्यटन विभाग, बीकानेर द्वारा दिनांक 14–15 जनवरी 2017 कोऊँट उत्सव मनाये जाने वास्ते **ऊँटो व ऊँट गाड़ो** की व्यवस्था हेतु पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर द्वारा मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 05.01.2017 को कार्यालय समय तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सील बन्द निविदाएं दिनांक 06.01.2017 को दोपीर 12:00 बजे तक कार्यालय में जमा की जावेगी। प्राप्त निविदाए इसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष कमेटी द्वारा खोली जावेगी। नियत समय के पश्चात् कोई निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

कार्य का विवरण

क. स.	कार्य का पूर्ण विवरण	अनुमानित मात्रा	दर प्रतिदिन प्रतिनग
1.	प्रचार हेतु बीकानेर शहर में सजे हुएऊँट दिनांक 11.01.2017 से 13.01.17 तक सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक	05	
2.	दिनांक 14.01.17 एंव 15.01.17 को स्थानीय कार्यक्रम स्थल पर सजे हुएऊँट (पलान, छेवटी, गोरबंध, इत्यादी मयऊँट चालक अच्छी वेषभूषा में)	आवश्यकतानुसार	
3.	दिनांक 14.01.17 को स्थानीय शोभायात्रा एवं कार्यक्रम स्थल में झांकी सहित **ऊँट गाड़े**	आवश्यकतानुसार	
4.	दिनांक 14.01.17 को स्थानीय कार्यक्रम स्थल में **ऊँट गाड़े** व गाड़ो में गद्दे व सफेद चादरों सहित	आवश्यकतानुसार	

शर्ते :–

1. ऊँट तथा ऊँटगाडो की सजावट ऊँट मालिक को स्वय को करनी होगी एवं इसके लिए आवश्यक सामान भी उन्हे ही लगाना होगा, जिसके लिए राशि अलग से देय नहीं होगी ।
2. सभी ऊँट हष्ट पुष्ट होने चाहिए। ऊँटो के लिए चारे पानी की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं को करनी होगी। उनके किसी भी खर्च का कोई भुगतान देय नही है ।
3. दरें समस्त करों सहित प्रति ऊँट/ऊँटगाडो प्रतिदिन के हिसाब से समस्त प्रकार के खर्चे, चारे पानी इत्यादि सहित दी जावे।
4. विभाग न्यूनतम दर वाली निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है । निविदा या उसके अंश को बिना कारण बताए अस्वीकार किया जा सकता है ।
5. निश्चित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा निविदाए स्वीकार नहीं की जाएगी ।
6. ऊँट व ऊँट गाडा चालक साफ सुथरी राजस्थानी वेशभुषा पहने होंगे।
7. ऊँट उत्सव में निविदादाता स्वय ऊँट पालक होना चाहिए तथा कम से कम 5 ऊँटो का मालिक होना चाहिए तथा पूर्व मे सजे धजे ऊँटो की सप्लाई का अनुभव होना अति आवश्यक है ।
8. समस्त सजे धजे ऊँटों के साथ चालक आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाना होगा ।
9. ऊँट द्वारा किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की हानि पहुचाने पर निविदादाता ही जिम्मेवार होगा । विभाग इसके लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेवार नही होगा ।
10. ऊंट एवं ऊंट गाडा सप्लाई करने का तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिये ।
11. ऊँट उत्सव में उपरोक्त कार्य के अनुभव रखने वालों को ही निविदा बेची जावेगी ।
12. विभागीय शर्तों पर कार्य करना होगा, निविदादाता की शर्ते मान्य नहीं होगी ।

29/12/2016

सहायक निदेशक
पर्यटन बीकानेर